an>

Title: Need to install weighing machines at toll stations on National and State Highways for weighing over loaded trucks.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): अध्यक्षा जी, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। इस देश में अधिकतर ट्रक ओवरलोड चलते हैं। चाहे मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड हो, चाहे हाईवे रोड, चाहे राज्य सरकार की हो या केंद्र सरकार की रोड हो। मेरा कहना है कि टेक्नोलोजी का इस्तेमाल करके ओवरलोड ट्रकों को तोलने के लिए टोल नाके पर ही मशीन लगा दी जाए। अगर नाके पर ही मशीन लग जाएगी तो पता चल जाएगा कि ट्रक कितना ओवरलोड है। उसके बाद उसी समय ही कार्रवाई कर दी जाए। इससे श्रम और समय तो बचेगा ही, साथ ही जो भ्रष्टाचार हो रहा है, उस पर भी अंकुश लगेगा।

आपके माध्यम से मेरी मंत्री जी से मांग है कि इस बारे में जल्दी कार्रवाई करके ओवरलोड की समस्या को दूर किया जाए।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : मंत्री जी आपके साथ बैठे हैं और वे आपकी बात सुनते भी हैं।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. उदित राज - उपस्थित नहीं।

श्री पी.पी. चौधरी।